हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 फरवरी 2026

06 रुद्राक्ष महोत्सवः कुबेरेश्वरधाम पर आज...



09 डेढ़ साल की मासूम को 40 फिट दूर तक घसीट ले...





## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक 10 को होगी आयोजित

**सीहोर**। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को

**सीहोर**। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.mpsos.nic.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि सभी परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बोर्ड द्वारा कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता के लिए अभ्यर्थी दूरभाष क्रमांक 0755-2552106 पर संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर स्थापित, शिकायतों पर होगी त्वरित कार्यवाही

**सीहोर**। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन एवं वन बल प्रमुख बी.एन. अम्बाडे द्वारा 26 जनवरी 2026 को वन विभाग से संबंधित शिकायतों पर क्विक एक्शन और उनके त्वरित निराकरण के लिये स्टेट फॉरेस्ट कॉल सेंटर वन मुख्यालय, वन भवन तुलसीनगर भोपाल में स्थापित किया गया। कॉल सेंटर के दूरभाष नंबर 0755-2524000, 2524200 पर नागरिक वन विभाग से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

### रुद्राक्ष महोत्सव में आएंगे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर



**सीहोर**। जिला मुख्यालय के समीपस्थ विश्व प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर आगामी 14 फरवरी से होने वाले भव्य ऐतिहासिक रुद्राक्ष महोत्सव में देश और विदेश में सनातन धर्म को रोशन करने वाले अनेक संतों के आने स्वीकृति मिली है। इस महाकुंभ में 17 फरवरी को बागेश्वरधाम के प्रसिद्ध कथा वाचक धीरेन्द्र शास्त्री और 19 फरवरी को कथा वाचक पंडित देवकीनंदन ठाकुर भी शामिल होंगे। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर महाराज एक प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक हैं, जो भारत और विदेशों में सनातन धर्म के प्रचार और भागवत कथा के लिए जाने जाते हैं। इन संतों के लिए समिति और प्रशासन ने विशेष कारिडोर का निर्माण किया है। इसके अलावा प्रशासन और समिति के द्वारा आगामी भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण की गई है।

# नारायण विहार कॉलोनी के पास नहीं है 'विकास अनुमति' उपभोक्ता कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले जांचें हकीकत!

## कॉलोनाइजर को तहसीलदार ने थमाया नोटिस, खेत पर काटी जा रही है कॉलोनी, विकास अनुमति के बिना ही बेचे जा रहे आवासीय प्लॉट






### कलेक्टर के आदेश पर जिले में अवैध कॉलोनाइजरों की सूची तैयार

**सीहोर**। जिला मुख्यालय पर रेलवे पटरियों के पास विकसित की जा रही नारायण विहार कॉलोनी प्रशासन की जांच के दायरे में आ गई है। नियमों को ताक पर रखकर बसाई जा रही इस कॉलोनी के पास अनिवार्य विकास अनुमति नहीं है। ऐसे में इस कालोनी में प्लॉट लेने वाले लोगों को अपनी मेहनत की गाड़ी कमाई यहां लगाने से पहले जरुरी अनुमतियां जरुर देख लेना चाहिए।

बता दें नरेन्द्र नगर स्थित रेलवे पटरियों के पास नारायण विहार नाम की कालोनी काटी जा रही है, जिस जगह यह कालोनी काटी जा रही है, वहां पहले खेत था, लेकिन कुछ दिनों बाद यहां हरियाली की जगह क्रंकीट नजर आएगा। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि कालोनाइजर ने विकास अनुमति नहीं ली है। इस बात का खुलासा स्वयं तहसीलदार अमित सिंह ने किया है कि कॉलोनाइजर ने जमीन का डायवर्जन तो करा लिया, लेकिन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और विकास अनुमति नहीं ली। इसे लेकर प्रशासन ने नोटिस जारी कर दिया है।

### कलेक्टर ने जारी किए यह आदेश

गौरतलब है कि कलेक्टर बालागुरू के. ने 3 दिसंबर 2025 को जारी पत्र क्रमांक 62 के जरिए जिले के सभी राजस्व अधिकारियों और नगर पालिका अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिले में बिना अनुमति के बन रही अवैध कॉलोनियों की जांच कर एक सप्ताह में सूची प्रस्तुत करें। इसी आदेश के बाद अब पूरे जिले में हडक़ंप मचा हुआ है।

### झरखेड़ा-दोराहा में भी अवैध कॉलोनियों का जाल

नारायण विहार के साथ-साथ झरखेड़ा और दोराहा क्षेत्र में भी अवैध कॉलोनाइजरों ने अपना जाल फैला रखा है। यहां तहसीलदार एसआर देशमुख ने डेढ़ दर्जन ऐसे कॉलोनाइजरों की सूची तैयार की है, जो रसूख के दम पर बिना किसी वैधानिक अनुमति के प्लॉट बेच रहे हैं।

### इन कॉलोनाइजरों ने तांक पर रखे नियम

प्रशासन द्वारा झरखेड़ा में तैयार की गई सूची में नासिर इस्लाम, इनाम उल्ला, अक्सा अली, संगीता, अमान उल्ला, रेहान खान, सैयद कमर अली, मोहन पाटीदार, भूपेंद्र पाटीदार, फूल सिंह, इशाक अली, गुलाब सिंह, झनक सिंह और मुकर्रम जैसे नाम शामिल हैं। आरोप है कि इन्हें कुछ प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण बुनियादी सुविधाओं सडक़, बिजली, पानीद्ध के बिना ही कॉलोनी काट दी गई।

### प्लॉट खरीदने से पहले यह जरूर देखें

कालोनाइजर लाइसेंसः जिला कलेक्टर कार्यालय से जारी लाइसेंस।
टाउन एंड कंट्री प्लानिंग टी एंड सीपी मंजूरीः नक्शा पास होना अनिवार्य है।
विकास अनुमतिः स्थानीय निकाय से बिजली, पानी और ड्रेनेज विकास की अनुमति।
रेरा पंजीयनः मध्य प्रदेश रेरा में रजिस्ट्रेशन के बिना प्लॉट बेचना गैरकानूनी है।
एनओसीः नजूल विभाग और पर्यावरण विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र।

### जल्द कार्रवाई की जाएगी

नरेन्द्र नगर में काटी जा रही नारायण विहार के पास विकास अनुमति नहीं है, सिर्फ डायवर्जन है। कालोनाइजर को नोटिस जारी किया गया है। जल्द कार्रवाई की जाएगी। वहीं कलेक्टर के निर्देशानुसार बिना विकास अनुमति के काटी गई कालोनियों की सूची तैयार कर भेज दी गई है। आगे की कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों को करना है।

**अमित सिंह,** तहसीलदार सीहोर शहर

## कोठरी के पास इकार्डा कैंपस में आयोजित कृषि सम्मेलन में 9 राज्यों के कृषि मंत्री सहित दो केंद्रीय मंत्री हुए शामिल

# दलहन क्रांति में केंद्र के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगी मप्र सरकारः मुख्यमंत्री

**सीहोर/कोठरी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को अमलाहा स्थित इर्काडा कैंपस में आयोजित राष्ट्रीय दलहन सम्मेलन में हुंकार भरते हुए कहा कि दलहन उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार, केंद्र के साथ दो कदम आगे रहकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि भोजन दाल के बिना अधूरा है और प्रदेश में दालों की कमी को दूर करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ सीएम ने आधुनिक प्रयोगशालाओं और दलहन मिशन पोर्टल का शुभारंभ भी किया।

संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक किसानों की परवाह नहीं की।

प्रदेश में कभी सिंचाई का रकबा मात्र 7,500 हेक्टेयर था, जो आज भाजपा सरकार के प्रयासों से बढक़र 44 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की संकल्प शक्ति और सरकार की नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से अब अन्नदाताओं की जिंदगी बदल रही है।




### आत्मनिर्भरता के लिए रिसर्च सेंटर को बताया अद्भुत

मुख्यमंत्री ने अमलाहा स्थित रिसर्च सेंटर के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अद्भुत बताया। उन्होंने कहा कि दलहन के मामले में हम फिलहाल दूसरे राज्यों पर निर्भर हैंए लेकिन अब ऐसे अनुसंधान और आधुनिक प्रयोगशालाओं जैसे पादप जीनोमिक्स और टिश्यू कल्चर लैब के माध्यम से मध्य प्रदेश दलहन उत्पादन में अग्रणी बनेगा।

### खेतों के बीच राष्ट्रीय स्तर का मंथन

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का अनूठा अंदाज भी देखने को मिला। उन्होंने कहा कि खेती पर चर्चा दिल्ली-भोपाल के कंक्रीट के जंगलों में नहीं, बल्कि खेतों के बीच होनी चाहिए, इसीलिए यह सम्मेलन अमलाह के खेतों में आयोजित किया गया। चौहान ने देश के गांवों को बीज ग्राम बनाने की बड़ी घोषणा की, ताकि किसानों को उन्नत बीजों के लिए भटकना न पड़े।

### तकनीकी विकास और किसानों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए दलहन मिशन पोर्टल लॉन्च किया। साथ ही बेहतर उत्पादन करने वाले 5 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। विशेषज्ञों ने तकनीकी सत्र में रोग प्रबंधन और एमएसपी पर समय पर खरीदी सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर रोडमैप तैयार किया।

# विदेशी दालों पर निर्भरता होगी खत्मः शिवराज सिंह चौहान



**सीहोर/कोठरी**। भारत को दलहन उत्पादन में दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने अब प्रयोगशाला से खेत तक की दूरी पाटने की तैयारी कर ली है। शनिवार को सीहोर के अमलाहा में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज ग्राम विकसित करने का बड़ा ऐलान किया। प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साझा करते हुए चौहान ने स्पष्ट किया कि जब गांव-गांव में उन्नत बीज तैयार होंगे, तभी देश दालों के आयात की मजबूरी से मुक्त होकर सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर बनेगा।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मध्य प्रदेश और देश के कई प्रमुख राज्यों के कृषि मंत्री, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ एक मंच पर जुटे। शिवराज सिंह चौहान ने इस जमावड़े को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज अमलाहा की पवित्र धरा पर दलहन क्षेत्र की चुनौतियों और भविष्य की संभावनाओं पर गंभीर मंथन हो रहा है। उन्होंने खुद खेतों का भ्रमण कर उन्नत किस्मों का अवलोकन किया और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

**अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण :** केंद्रीय मंत्री और अतिथियों ने अमलाहा में कृषि अनुसंधान को नई ऊंचाई देने के लिए प्रशासनिक भवनए किसान प्रशिक्षण केंद्र और प्लांट जीनोमिक्स व टिश्यू कल्चर जैसी हाई-टेक प्रयोगशालाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही पल्सेस मिशन पोर्टल की भी शुरुआत की गई, जो डिजिटल माध्यम से किसानों की मदद करेगा।

### पांच किसानों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और उन्हें उन्नत बीजों की किट प्रदान की। ऑडिटोरियम में आयोजित तकनीकी सत्र में उन्होंने वैज्ञानिकों और मिलर्स के साथ दलहन फसलों में रोग प्रबंधन, एमएसपी पर समय पर खरीदी और बीज उत्पादन संवर्धन जैसे गंभीर विषयों पर चर्चा की।



**सीहोर**। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से सीहोर के कर्मठ विधायक सुदेश राय के लिए कुछ इस प्रकार कहते हुए।

### एमपी में लगेंगी 55 दाल मिल

इसके साथ ही शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि देशभर में 1 हजार नई दाल मिले स्थापित की जाएंगी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (**MSP**) दोहराते हुए कहा कि तुअर 8000 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द 7800 रुपए, चना 5875 रुपए और मसूर 7000 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी।

### कृषि मंत्रियों और किसानों से खटिया पर बैठ कर खेत में हुआ संवाद

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देशभर एवं प्रदेशभर से आए कृषि मंत्रियों के साथ और किसानों को साथ खेतों में बैठकर किया संवाद किसानों ने बताया कि हमें प्रशिक्षण के लिए महीने या सप्ताह में यहां प्रशिक्षण दिलाया जाए तो शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं कि प्रतिदिन किसानों को यहां नई-नई तकनीक बीज आदि की जानकारी मिले ऐसी हम व्यवस्था यहां पर करेंगे। शिवराज सिंह चौहान पहले ऐसे मंत्री है जिन्होंने खेतों में खटिया पर कृषि मंत्रियों और किसानों के साथ बैठकर संवाद किया जिसका किसानों ने कहा कि असली किसान नेता तो हमारे शिवराज मामा है। किसानों को बड़ी प्रसन्नता हुई आपसी संवाद कर कर।

### प्रदेश को 354 करोड़ की सहायता राशि मिलेगी

आगे केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि बीज से लेकर बाजार तक किसानों की चिंता सरकार करेगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के बाद सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंथन कर दलहन उत्पादन बढ़ाने का राष्ट्रीय रोडमैप तैयार किया जाएगा। इस मिशन के तहत मध्य प्रदेश को 354 करोड़ रुपए की राशि दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि असली आनंद खेत, किसान और मिट्टी से जुड़कर काम करने में है, और सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा देश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



**सीहोर**। अमलाहा के इर्काडा में आयोजित कृषि सम्मेलन में शामिल होने आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत करते हुए पूर्व जिपं अध्यक्ष जसपाल अरोरा व कोठरी नप अध्यक्ष प्रतिनिधि राधेश्याम दलपति।

# महिला कांग्रेस ने फूंका राजस्व मंत्री करण सिंह का पुतला

**सीहोर**। भाजपा के मंत्री विजय शाह के बाद अब राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने भी लाड़ली बहनों को खुलेआम धमकी दी है। गुरुवार को सीहोर के इछावर विधानसभा क्षेत्र के धामंदा में मंत्री श्री वर्मा ने सीईओ को निर्देश दिया कि सभी लाड़ली बहनों को हमारे कार्यक्रम में बुलाया जाय और जो नही आयें तो योजना की सूच में से उनका नाम काट दिया जाये वाली धमकी पर लाड़ली बहनों के मान सम्मान को काफी आघात पहुंचा है,



इसी के विरोध में शनिवार को नया बस स्टेण्ड सीहोर में महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर के नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती की विशेष उपस्थिति में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा का पुतला फुंका गया एवं करण सिंह वर्मा मुर्दाबाद, करण वर्मा इस्तिफा दो के गगन भेदी नारे लगाये गये। इस मौके पर महिला कांग्रेस गुलाब ठाकुर ने बयान जारी कर कहा कि लाड़ली बहनों के खाते में पैसे डालने से लाड़ली बहना भाजपा की गुलाम नही बन गई है और उनको जो पैसा डाला जा रहा है, वह जनता के से वसूला जा रहा टेक्स का पैसा है, भाजपा के मंत्रियों की जैब का नही, जो आप खुले मंच से हमारी लाड़ली बहने आपके कार्यक्रम में नही आने पर उनका योजना से नाम काटने की धमकी दे रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की अराजक सरकार के अहंकारी नेता ऐसे पेश आ रहे हैं, जैसे योजनाओं का पैसा सरकारी नहीं, उनकी निजी संपत्ति हो। लाड़ली बहना योजना किसी नेता की मेहरबानी नहीं, बहनों का अधिकार है। क्या ऐसे बयान देकर करण सिंह वर्मा स्वयं को कैलाश विजयवर्गीय, विजय शाह की श्रेणी में लाना चाहते हैं।

# शक में युवक का अपहरण, नग्न कर पीटा

## लड़की भगाने के शक में नाइलोन की रस्सी बांधा, गंभीर हालत अस्पताल में भर्ती

**सीहोर**। जिले के बिलकिसगंज थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेहद सनसनीखेज घटना घटी। अरविंद मीणा नामक युवक अपने गेहूं के खेत में पानी दे रहे थे कि तभी आरोपियों ने उन्हें पकड़ लिया। आरोपियों ने गंदी गालियों के साथ नायलोन की रस्सी से बांधकर उनकी हवस और क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। यह वारदात किसी बहन या बेटी को भगाने के शक में की गई थी।

घटनास्थल से ही आरोपी युवक को जबरन सफेद बोलेरो में डालकर ले गए। युवक को गांव बिरजिसनगर ले जाकर सड़क पर नंगा कर डंडों और मुक्कों से बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उनके हाथों, पीठ और शरीर पर बेरहमी से वार किए। घटना तब तक जारी रही जब तक कि युवक बेहोश नहीं हो गया। इस दौरान आसपास के लोग हादसे का शिकार युवक को पहचानने की कोशिश कर रहे थे लेकिन आरोपी तेजी से फरार हो गए।

पीड़ित की हालत गंभीर होने के कारण उसे तुरंत डायल 112 के माध्यम से इछावर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बिलकिसगंज थाना प्रभारी संदीप मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। पीड़ित युवक अरविंद मीणा के बयान पर छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के नाम गौतम मेवाड़ा, घीसीलाल मेवाड़ा, भवानी, रोशन, पुरुषोत्तम और एक अन्य का नाम बताए गए हैं।

खबर संक्षेप



### सीहोर रेड ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर संस्कार मंच और जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में होने वाली जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए सात दिवसीय फुटबाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। शुक्रवार की शाम को दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीहोर रेड ने सीहोर मिनी को 1-0 से हराया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया था, जिसमें सीहोर चिल्ड्रन की टीम 2-0 से जीती। इस मौके पर संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी और एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया अन्य ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर के चर्च मैदान पर शुक्रवार को पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर मिनी के मध्य खेला गया था, इस मैच में सीहोर रेड ने 1-0 से विजय हासिल की। सीहोर रेड की ओर से एक मात्र गोल वंश माहेश्वरी ने किया। इसके अलावा दूसरा मैच सीहोर क्लब और सीहोर चिल्ड्रन के मध्य खेला गया। इस मैच में सीहोर क्लब के पुष्प और अर्थव ने एक-एक गोल कर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई।

### मासिक प्रताड़ना विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन

**सीहोर।** नेशनल टास्क फोर्स के तहत शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में मासिक प्रताड़ना जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को मानसिक प्रताड़ना के प्रकार एवं उसके दुष्प्रभाव तथा बचाव के उपाय के प्रति जागरूक करना था।इस व्याख्यान में एनटीएफ नोडल अधिकारी डॉक्टर कलिका डोलस द्वारा बच्चों को मानसिक तनाव से कैसे बचा जा सकता है जानकारी दी गई एवं यह भी बताया गया किसी भी मानसिक प्रताड़ना की स्थिति में महाविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति एवं हेल्पलाइन से संपर्क किया जा सकता है। महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा छात्राओं को शेयरिंग द्वारा मानसिक तनाव को दूर करने के उपाय बताए गए समिति सदस्य चित्रांश खरे एवं रमाकांत रिछारिया द्वारा विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को तनाव दूर करने के उपाय को बताया गया साथी यह भी बताया गया की मासिक प्रताड़ना से पीड़ित व्यक्ति को समय पर सहायता एवं परामर्श मिलना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में लगभग 50 छात्राओं की सहभागिता रही एवं छात्राओं को अपने विचार व्यक्त करने का अवसर भी मिला। कार्यक्रम का आभार डॉक्टर भारतीय सक्सेना द्वारा दिया गया।कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा यह कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवं सफल रहा इससे छात्राओं में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बड़ी एवं सकारात्मक एवं सुरक्षित शैक्षिक वातावरण बनाए रखने का संदेश मिला।

## समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का भी किया जाएगा आयोजन

# रुद्राक्ष महोत्सवः कुबेरेश्वरधाम पर आज होगा आधुनिक प्राथमिक चिकित्सालय का श्रीगणेश

भागवत भूषण श्री मिश्रा ने कहा कि हर रोज हजारों की संख्या में कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहता है। इसको आने वाले समय में बड़े रूप में चिकित्सालय को विकसित किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश में करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा ने निशुल्क एंबुलेंस सेवा और मंदिर परिसर में प्राथमिक उपचार केन्द्र के बाद अब सर्व सुविधायुक्त प्राथमिक चिकित्सालय की सुविधा रविवार से आरंभ होने जा रही है। अंतराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने अपने पिताश्री पंडित स्वर्गीय रामेश्वर दयाल मिश्रा की स्मृति में धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं और आस-पास के ग्रामीणों को तत्काल स्वास्थ्य लाभ मिले, इस उद्देश्य से परिसर में प्राथमिक स्वास्थ्य चिकित्सालय का शुरुआत करने जा रहे है। आधुनिक प्राथमिक चिकित्सालय में आईसीयू सुविधा के शुरू होने से आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की सुविधा धाम पर आने वालों के अलावा आस-पास के ग्रामीणों को मिलेगी।

इसका शुभारंभ रविवार को दोपहर साढ़े बारह बजे मध्यप्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालुओं के द्वारा किया जाएगा। शनिवार को चिकित्सालय में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित श्री मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा सहित समिति के पदाधिकारियों ने यहां पर चिकित्सा सेवा दे रहे स्टाफ से चर्चा की।




### सहूलियत के साथ निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी

इस मौके पर भागवत भूषण श्री मिश्रा ने कहा कि हर रोज हजारों की संख्या में कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के लिए लोगों का तांता लगा रहता है। इसको आने वाले समय में बड़े रूप में चिकित्सालय को विकसित किया जाएगा। जिससे जहां क्षेत्रवासियों को धाम में ही और बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने लगेगी, इससे उन्हें छोटी-छोटी बीमारियों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़ेगा। यहां सहूलियत के साथ निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इसके केन्द्र में बीपी, शुगर सहित अन्य की जांच भी मौके पर हो जाएगी। इसके अलावा प्राथमिक चिकित्सालय में आईसीयू, जनरल ओपीडी के अलावा अन्य सुविधा दी जाएगी। वहीं समय-समय पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन भी किया जाएगा।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि भगवान शिव के ध्यान मंत्र से पापों से मुक्ति मिलती है और आत्मशुद्धि होती है, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं यह मंत्र जीवन से हर तरह की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है। प्रतिदिन इस मंत्र जाप करने से मानसिक शांति प्राप्त होती है और सभी प्रकार की दुविधाओं और मुश्किलों से छुटकारा मिलता है। कुछ दिनों के नियमित जाप से ही आपको मानसिक शान्ति महसूस होने लगती है। कुबेरेश्वर धाम में पंडित प्रदीप मिश्रा की पहल पर श्रद्धालुओं के लिए पंडित रामेश्वर मिश्रा प्राथमिक चिकित्सालय कार्यरत है। यहाँ निशुल्क एम्बुलेंस, 24 घंटे चिकित्सा सुविधा, जांच, और दवा वितरण की व्यवस्था है, जो बीपी, शुगर, और अन्य मौसमी बीमारियों के लिए प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराता है।

### धाम पर चिकित्सा सुविधाओं के मुख्य बिंदु

निशुल्क जांच व दवाः प्राथमिक चिकित्सा केंद्र में रक्तचाप, मधुमेह और अन्य आवश्यक जांच निःशुल्क होगी।
सुविधाएंः केंद्र में बेड की व्यवस्था के साथ ही अनुभवी नर्सिंग स्टाफ और डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।
एम्बुलेंस सेवाः आपातकालीन स्थिति के लिए धाम पर 24/7 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेगी।
उद्देश्यः श्रद्धालुओं और स्थानीय ग्रामीणों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए बाहर न जाना पड़े, इसलिए यहां प्राथमिक उपचार केंद्र संचालित किया जा रहा है।
विशेष शिविरः विठलेश सेवा समिति के माध्यम से यहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा भी स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाए जाते हैं।
विशाल जनसमूह को ध्यान में रखते हुए यह केंद्र लगातार अपनी चिकित्सा सेवाओं का विस्तार कर रहा है।



# डिजिटल हुई गिरदावरीः मोबाइल से खुद फसल दर्ज करेंगे किसान, 7 फरवरी से 7 मार्च तक उपार्जन पंजीयन

### पटवारी की जगह ऐप बना माध्यम, समय पर गिरदावरी नहीं तो समर्थन मूल्य से हाथ धोना तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रबी उपार्जन से पहले प्रशासन ने गिरदावरी व्यवस्था में बड़ा और निर्णायक बदलाव करते हुए इसे पूरी तरह डिजिटल कर दिया है। अब किसानों को पटवारी के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गेहूं, चना सहित अन्य रबी फसलों की गिरदावरी किसान खुद अपने मोबाइल से कर सकेंगे। समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए पंजीयन की अवधि 7 फरवरी से 7 मार्च तय की गई है। प्रशासन का साफ संदेश है—समय पर डिजिटल गिरदावरी नहीं हुई तो उपार्जन पंजीयन संभव नहीं होगा।

### पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम

राजस्व विभाग के अनुसार सरकारी उपार्जन का लाभ अब तभी मिलेगा, जब किसान का फसल रिकॉर्ड पोर्टल पर दर्ज होगा। डिजिटल व्यवस्था लागू होने से फर्जी प्रविष्टियों पर रोक लगेगी और वास्तविक किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

खास बात यह है कि किसान खेत में मौजूद रहकर लाइव और जियो-टैग्ड फोटो अपलोड करेंगे, जिससे गिरदावरी का रिकॉर्ड तुरंत अपडेट हो जाएगा। इससे विवाद, देरी और हेराफेरी की गुंजाइश खत्म होगी।

**पटवारी भी डिजिटल मोड में, गांव-गांव ट्रेनिंग :** नई व्यवस्था को जमीन पर उतारने के लिए भैरूंदा क्षेत्र के पटवारी भी एक्टिव मोड में हैं। वे व्हाट्सएप ग्रुप्स और सोशल मीडिया के जरिए किसानों को वीडियो, इन्फोग्राफिक्स और स्टेप-बाय-स्टेप जानकारी दे रहे हैं। मकसद साफ है कोई भी किसान जानकारी के अभाव में समर्थन मूल्य से वंचित न रहे। गांव-गांव यह संदेश दिया जा रहा है कि डिजिटल गिरदावरी ही उपार्जन की चाबी है।

**तकनीकी दिक्कत आई तो हल्का पटवारी करेगा मदद :** प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि ऐप में कोई तकनीकी अड़चन आती है, तो किसान तुरंत अपने हल्का पटवारी से संपर्क करें। समय रहते समस्या का समाधान कराया जाएगा, ताकि गिरदावरी अधूरी न रहे। अधिकारियों का कहना है कि जिन किसानों की गिरदावरी समय पर पूरी होगी, उन्हें सरकारी उपार्जन केंद्रों पर फसल विक्रय में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

**निष्कर्ष :** रबी उपार्जन की घड़ी नजदीक है और प्रशासन ने साफ कर दिया है कि डिजिटल गिरदावरी के बिना समर्थन मूल्य नहीं मिलेगा। किसानों को चाहिए कि वे अंतिम तारीख का इंतजार किए बिना समय रहते एमपी किसान एप पर फसल विवरण दर्ज करें। डिजिटल व्यवस्था अपनाकर ही उपार्जन का पूरा लाभ सुनिश्चित होगा-यही प्रशासन का स्पष्ट और सख्त संदेश है।

### एमपी किसान एप से 7 आसान स्टेप्स में गिरदावरी

डाउनलोड करेंः गूगल प्ले स्टोर से एमपी किसान एप डाउनलोड करें।
लॉगिन करेंः मोबाइल नंबर से पंजीयन/लॉगिन करें।
स्थान चुनेंः जिला, तहसील और ग्राम का चयन करें।
खसरा विवरणः ऋण पुस्तिका के अनुसार खसरा नंबर दर्ज करें।
फसल जानकारीः बोई गई फसल (गेहूं, चना आदि) और सही रकबा भरें।
लाइव फोटोः खेत में खड़े होकर फसल की स्पष्ट फोटो अपलोड करें।
सबमिटः सत्यापन के बाद सबमिट करते ही गिरदावरी अपडेट।
डिजिटल गिरदावरी के फायदे
पारदर्शिताः पटवारी पर निर्भरता खत्म, गलत फीडिंग पर रोक।
सही मुआवजाः फसल खराबा होने पर बीमा क्लेम और राहत राशि में आसानी।
सुगम उपार्जनः केंद्र पर फसल बेचने में कोई अड़चन नहीं।
जीपीएस सत्यापनः जियो-टैग्ड फोटो से सही सर्वे सुनिश्चित।

### सन करने वाला व्यक्ति कभी भी संयम की साधना नहीं कर सकताः मुनिश्री विनंदसागर सागर महाराज



**सीहोर।** जैन सिद्धांत हमें सिखाता है कि सभी के लिए खासकर एक सच्चे जैन अनुयायी के लिए व्यसनों का त्याग अनिवार्य है, जो उसे शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ बनाता है। जैन दर्शन में मांसाहार, मद्यपान, जुआ, चोरी, पर स्त्री सेवन, शिकार और वेश्यागमन सात व्यसन बताए गए हैं। ये सभी कर्मों को बढ़ाने वाले और आत्मा को दुःख देने वाले माने जाते हैं। इन सात व्यसनों को जैन धर्म में महापाप माना जाता है और इनसे दूर रहने की शिक्षा दी जाती है। इन व्यसनों का त्याग करके ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। व्यसनी व्यक्ति कभी भी संयम की साधना नहीं कर सकता।उक्त उदगार मुनि विनंदसागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे धर्म सभा मे श्रध्दालुओ को संबोधित करते हुए प्रवचन के दौरान बताया कि जैन धर्म में इन सात व्यसनों का त्याग अनिवार्य माना गया है, क्योंकि ये व्यक्ति के आत्मिक उत्थान में बाधा उत्पन्न करते हैं। इन सप्त व्यसनों का त्याग करने वाला श्रावक ही मुनिराजों को आहार आदि दान देने के योग्य है, सप्त-व्यसनी नहीं। व्यसनी व्यक्ति देश धर्म समाज एवं परिवार पर बोझ होता है। वह सदैव अपने आप को एवं अपने परिवार को दुखी करता है, संकट में डालता है। व्यसनों से मुक्त रहना जैन धर्म के पालन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुनिश्री ने बताया कि जैन धर्म के सिद्धांतों का पालन करते हुए व्यक्ति अपने जीवन को शुद्ध, पवित्र और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बना सकता है। व्यसनों से दूर रहकर ही हम आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

# कांग्रेस नेता व अभिनेता विक्रम मस्ताल ने पैदल पूर्ण की नर्मदा परिक्रमा, ओंकारेश्वर में किए ज्योतिर्लिंग के दर्शन

### मां नर्मदा के पथ पर तीन महीने तीन दिन की तपस्या





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

आस्था, संकल्प और साधना की मिसाल पेश करते हुए कांग्रेस नेता एवं प्रसिद्ध अभिनेता विक्रम मस्ताल ने तीन महीने तीन दिन में मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली। परिक्रमा समापन के अवसर पर वे तीर्थनगरी ओंकारेश्वर पहुंचे, जहां उन्होंने मां नर्मदा एवं ज्योतिर्लिंग भगवान ओंकारेश्वर के विधिवत दर्शन-पूजन किए। चुनरी अर्पित कर और मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने मां नर्मदा से लोककल्याण की कामना की।

रामायण धारावाहिक में हनुमान जी के किरदार से देशभर में पहचान बनाने वाले विक्रम मस्ताल इस दौरान पूरी तरह अध्यात्म के रंग में नजर आए। साधारण वेशभूषा, माथे पर श्रद्धा और चेहरे पर संतोष—उनका व्यक्तित्व इस यात्रा की गहराई को बयां कर रहा था। उन्होंने कहा कि नर्मदा परिक्रमा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि और आत्मबोध का मार्ग है। परिक्रमा के अनुभव साझा करते हुए मस्ताल ने बताया कि इस लंबी यात्रा के दौरान उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। पैरों में छाले, थकान, मौसम की मार और दुर्गम रास्ते—हर चुनौती सामने आई, लेकिन मां नर्मदा का नाम और आस्था उनकी सबसे बड़ी शक्ति बनी। उन्होंने कहा, "यह यात्रा शरीर से ज्यादा मन और आत्मा की परीक्षा थी। जब मन कमजोर पड़ता, तब नर्मदा मैया ने संभाल लिया।"

**अध्यात्म ने दी जीवन को नई दिशा :** विक्रम मस्ताल का कहना है कि नर्मदा परिक्रमा ने उन्हें अध्यात्म का वास्तविक अर्थ समझाया है। अभिनय और राजनीति की व्यस्त दुनिया के बाद यह यात्रा उनके जीवन का एक नया अध्याय खोलती है। मां नर्मदा के तट पर उन्हें जो शांति और सुकून मिला, वह शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। "यह शांति भीतर तक बदल देती है," उन्होंने कहा।

**बुधनी से चुनाव लड़कर आए सुर्खियों में :** गौरतलब है कि विक्रम मस्ताल मध्य प्रदेश की चर्चित बुधनी विधानसभा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ चुनाव मैदान में उतरे थे। भले ही उन्हें चुनाव में सफलता नहीं मिली, लेकिन वे कांग्रेस के चर्चित नेताओं में शामिल हो गए। आज भी वे बुधनी क्षेत्र में सक्रिय रहकर आमजन के सुख-दुख में सहभागी बने हुए हैं।

**माता-पिता की अस्थियों से जन्मा परिक्रमा का भाव :** मस्ताल ने बताया कि मां नर्मदा में अपने माता-पिता की अस्थियों के विसर्जन के बाद उनके मन में परिक्रमा का संकल्प जागा। गुरुजी के मार्गदर्शन में यह समझ आया कि मां नर्मदा को जानने और महसूस करने के लिए परिक्रमा आवश्यक है। इसी भाव ने उन्हें इस कठिन लेकिन पावन यात्रा के लिए प्रेरित किया।

**अभिनय, राजनीति और अब अध्यात्म :** राजनीति, अभिनय और अब अध्यात्म—विक्रम मस्ताल का यह सफर उन्हें एक अलग पहचान की ओर ले जाता दिख रहा है।

मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा पूर्ण कर उन्होंने न केवल व्यक्तिगत साधना का मार्ग चुना, बल्कि समाज को आस्था, संयम और संकल्प का संदेश भी दिया। यह यात्रा निश्चित ही उनके जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

### वीआईटी यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया जा रहा पांच दिवसीय शिविर

# स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सामाजिक जागरूकता के साथ सामुदायिक विकास का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी कोठरी का राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम बोरखेड़ा में आयोजित किया जा रहा है जिसमें शिविर के पांचवे दिन स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास के संदेश दिए। इसके बाद पूरे गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जहां स्वयंसेवकों ने गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों की साफ की ।

इस अभियान ने स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बड़ाई। स्वच्छता केवल आदत नहीं, एक जिम्मेदारी है का संदेश देते हुए घर घर स्वच्छता और स्वच्छ जीवन शैली अपनाने की अपील की। सहायकालीन तक गांव में स्वच्छता की उमंग देखी जा सकती थी , जो स्वयंसेवकों की मेहनत का परिणाम था। साथ ही बौद्धिक सत्र में वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटिंग साइंस एंड इंजिनियरिंग (स्कोप) डीन डॉ. पुष्पिंदर सिंह पथेजा ने साइबर सुरक्षा की महत्व और डेटा को अनधिकृत पहुंच, नुकसान या साइबर हमलों से बचाने के विषय पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय एकीकरण शिविरार्थि ऋषभ काबरा व राज्य स्तरीय शिविरार्थी खुशी देसाई ने स्वयंसेवकों को एनएसएस के बारे और उससे जुड़ी सारी गतिविधियों से अवदात करवाया। एवं आयुष करकरे ने अपने पेशे के अनुभव से स्वयंसेवकों का मार्ग दर्शन किया तथा सोशल मीडिया जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक किया गया। नाटक में मोबाइल के सही प्रयोग, नुकसानदेय प्रयोग, बच्चे, बूढ़े सभी पर उसके असर के ऊपर बताया गया। दिन के अंतिमशाय में भारत के विभान राज्यों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति की गयी। कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देवव्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजली गिरि एवं दीप्ति भोजवानी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।




# गुरुकुल के बटुक संस्कृति को करेंगे मजबूत गौशाला पहुंची अरुणा राय ने किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीताराम आश्रम गौतिथ सतगुरु विद्यापीठ में आयोजित हुए कार्यक्रम में समाज सेविका अरुणा सुदेश राय सम्मिलित हुई। उन्होंने यज्ञशाला की परिक्रमा कर सूर्य पंचायतन देवता सहित अखंड अग्नि का दर्शन किया। आश्रम में संचालित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर पंडित नरेश तिवारी द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। समाज सेविका अरुणा सुदेश राय ने गौशाला में निराश्रित गोवंश का संवर्धन के लिए किया जा रहे कार्यों की सराहना बटुकों के कठिनतम गुरुकुल विद्या अध्ययन को भी सराया।

श्रीमती राय ने विचार गोष्ठी में सम्मिलित होकर बटुकों को वस्त्र भेंट करें एवं वैदिक घड़ी का अवलोकन कर प्रकल्प की ईश्वर से प्रकल्प प्रगति पद पर हमेशा अग्रसर रहने को लेकर विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री प्रीति सोनी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लहूलुहान बालिका को बचाने मां ने दिखाया साहस, प्राथमिक उपचार के बाद शाजापुर रेफर

# डेढ़ साल की मासूम को 40 फिट दूर तक घसीट ले गए आवारा कुत्ते

## कलेक्टर ने दिसंबर में ही इस तरह की घटनाओं की रोकथाम के लिए दिए थे निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-छापीहेड़ा

शाम को अपने घर के सामने खेल रही डेढ़ साल की मासूम पर आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। 3 से 4 कुत्तों के एक झुंड ने गुरूवार को 4 बजे के आसपास बालिका को गंभीर रूप से घायल कर दिया और लगभग 40 फिट तक उसे घसीटकर ले गए। बाद में पड़ोसियों एवं परिजनों की मदद से उसको बचाया गया एवं प्राथमिक उपचार कराने के बाद शाजापुर रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

### यह है मामला

छापीहेड़ा में इन दोनों आवारा कुत्तों का आतंक दिन-व-दिन बढ़ता जा रहा डेढ़ साल की बालिका भाव्या कुशवाह माता भारती कुशवाह पिता सूरज कुशवाह निवासी छापीहेड़ा वार्ड क्र1 निवास करते हैं। रामपुरिया बालाजी के पीछे नई कॉलोनी में उसकी नानी देव कन्या बाई के घर मिलने के लिए मां और बच्ची गए थे नानी के घर के बाहर मैदान में जब बच्ची खेल रही थी तो उसकी मां घर के अंदर चाय बनाने के लिए गई थी बस इतने समय में ही आवारा कुत्तों ने छोटी बच्ची पर हमला कर अपना शिकार बना लिया थोड़ी सी देर बाद बच्ची को देखने जब मां घर के बाहर आई तो बच्ची नहीं दिखी थोड़ी दूर कुत्तों की आवाज सुन जब थोड़े नजदीक जाकर देखा तो आवारा तीन कुत्ते बच्ची को जगह-जगह से नोच रहे थे। मां ने साहस दिखाकर उन कुत्तों से कैसे भी कर बच्ची को मौत के चुंगल से बचा लिया। विपदा के समय मां अपने बच्चों के लिए अपनी जान पर भी खेल जाती है।

### आवारा कुत्तों ने कुछ दिन पूर्व ही गोवंश को बनाया था शिकार

कुछ दिन पहले छापीहेड़ा के जटामडी नाके के नजदीक गोवंश के छोटे बच्चों को इन आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया था उस गोवंश के छोटे बच्चे को नोच नोच कर खा गए सुबह-सुबह 4 बजे की बात वहीं मौजूद सिद्धनाथ वर्मा वार्ड क्र 10 मैं निवास रत ने बताया की मैंने दो बीघा जमीन पर गेहूं की फसल बंटवारे में बोई है मेरी नींद जब सुबह-सुबह खुली तो कुत्तों के चिल्लाने की आवाज आ रही थी मैंने रोड पर देखा तो





गोवंश के छोटे बच्चे को यह आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे थे मैंने देखा इतने में तो उसके प्राण निकल गए थे इन आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता ही जा रहा है।

### कलेक्टर डॉ मिश्रा ने दिसंबर में ही जताई थी चिंता

जिले में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों के काटने की समस्या पर जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने विशेष चिंता जताते हुए सडक पर घूम रहे कुत्तों की नसबंदी को अभियान के रूप में चलाने के निर्देश दिए थे। नगरपालिका और पशु चिकित्सा विभाग को दवाइयों उपकरणों और आवश्यक टीम की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश जारी किया था परंतु इन सबके बावजूद भी डॉग-वाइट की घटनाएं रूकने का नाम नहीं ले रही हैं।

**इनका कहना है...**

मुझे इस बारे में पता नहीं है आपने ही बताया है। पूर्व में भी कुत्तों को पकड़ने हमने टीम बुलाई थी। जल्दी ही आवारा कुत्तों को पकड़ने टीम बुलाई जाएगी। उन्हें शहर से बाहर भेजा जाएगा।

हरिओम शर्मा, सीएमओ छापीहेड़ा

## एसआईआर में लापरवाही पर कृषि विस्तार अधिकारी को किया सस्पेंड

**राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा एसआईआर कार्य हेतु नरसिंहगढ़ कृषि विस्तार अधिकारी निरमा यादव को अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियुक्त किया गया था। निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण एवं सर्वोच्य प्राथमिकता वाले कार्य में यादव द्वारा खासी लापरवाहियां बरतने पर उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलंबित अधिकारी यादव द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के फोन तक रिसीव नहीं किए जा रहे थे। इसके साथ ही उनके द्वारा बीएलओ व निर्वाचन कार्यालयीन कर्मचारियों से अभद्र भाषा के प्रयोग की शिकायतें मिली थीं। कार्यादेश की निरन्तर अवहेलना पर निर्वाचन कार्य प्रभावित हुआ। नरसिंहगढ़ एसडीएम द्वारा भी यादव के सम्बन्ध में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखण्ड नरसिंहगढ़ से जानकारी ली गई। प्रतिवेदन में बताया गया कि यादव द्वारा ना तो निर्वाचन का कार्य किया जा रहा है और ना ही विभागीय कार्य सम्पादित किया जा रहा है। प्रतिवेदन अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा सहित जिला निवार्चन कार्यालय को प्राप्त हुआ। ऐसे में कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है। निलम्बन अवधि में निरमा को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

प्रेसवार्ता को संबोधित करने आए थे मंत्री वर्मा

# लाड़ली बहनों पर दिए बयान पर राजस्व मंत्री ने मांगी माफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने गुरुवार को सीहोर जिले में लाड़ली बहनों के संबंध में एक विवादास्पद बयान दिया था। स्वास्थ्य विभाग के एक आयोजन में मंत्री वर्मा ने मंच से कहा था कि यदि लाड़ली बहनें कार्यक्रम में नहीं आएंगी तो उनके नाम कट जाएंगे। इस बयान के बाद जहां लाड़ली बहनों में तीखा आक्रोष व्याप्त है, वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने भी बयान की आलोचना की थी।

मंत्री वर्मा ने अपने उक्त बयान पर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय राजगढ़ में बजट के संबंध में आहूत प्रेसवर्ता में मांफी मागी। उन्होंने कहा कि उनका तात्पर्य वैसा नहीं था जैसा बताया गया है। मेरा तात्पर्य था कि सभी बहनें आएं और शासन की योजनाओं का समझें, उनका लाभ लें। अगर फिर भी किसी को गलत लगा तो वे इसके लि मांफी मांगते हैं।

### बजट पर विस्तार से डाला प्रकाश

केंद्रीय बजट 2026-27 के संबंध में मंत्री वर्मा ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित व आत्मनिर्भर भारत के विजन का सशक्त दस्तावेज है। गरीब, युवा, नारी शक्ति, अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग और उद्यमियों के कल्याण व सशक्तिकरण के प्रावधान बजट में किए गए हैं। यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# गेहूं उपार्जन के लिए प्रशासन ने जिले में बनाए 84 पंजीयन केंद्र

**राजगढ़।** प्रशासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 84 समितियों को गेहूं पंजीयन केन्द्र संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है। पंजीयन के लिए बनाए गए केंद्रों में तहसील खुजनेर अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति चाटूखेडा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सुस्तानी निर्धारित किए गए हैं। इसी प्रकार तहसील खिलचीपुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कुलीखेड़ा, भोजपुर, ढाबलीकलां, भाटखेडा, डालूपुरा, तहसील जीरापुर अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति जीरापुर, माचलपुर, रामगढ़, धतरावदा, लखोनी, कोडक्या, भानपुरा व विपणन सहकारी समिति जीरापुर, तहसील नरसिंहगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति नरसिंहगढ़, उप केन्द्र कुरावर, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति झाड़ला, मंडावर, कोटरा, बैरसिया, ढ़ाबला, उमरी, हिनोतिया, चैनपुराकलां, गिलाखेडी, निपानिया चेतन, भैंसाना, बिजोरी, जामोनिया गोप चैहान, कोटरीकलां, माना, तहसील पचोर अंतर्गत प्राथमिक कृसहकारी समिति उदनखेडी, इकलेरा (तलेन), परसखेड़ी, तलेन, चिडलावनिया, नाहली, आसारेटा पंवार, पाडल्या अंजाना व विपणन सहकारी समिति पचोर, तहसील ब्यावरा अंतर्गत विपणन सहकारी समिति ब्यावरा, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति कांसौरकलां, मलावर, भिलवाडिया, पडोनिया, खजुरिया, ढकोरा, चाठा, जामी, तहसील राजगढ़ अंतर्गत विपणन सहकारी समिति खुजनेर उपकेन्द्र राजगढ़, प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति करेड़ी, खण्डियापुरा, सिंदुरियाढ़कोरा, कालीपीठ, माचलपुर (राजगढ़), फूलखेडी, सुठालिया अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति लखनवास, गंगाहोनी, बिसोनिया, बगवाज, बैलास, मउ, टोढी, सिलपटटी, भवांस, कानेड, अमरगढ़, तहसील सारंगपुर अंतर्गत सण्डावता, पाडल्यामाता, तलेनी सारंगपुर, पडाना सारंगपुर, हराना, बालोडी, भैंसवामाता, पिपलिया पाल, धनोरा व खजुरिया घाटा शामिल हैं।

## राजगढ़ के खेतों में 'ड्रोन क्रांति' 2500 एकड़ में कर डाला स्प्रे



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश में परंपरागत खेती के तौर-तरीकों से आगे बढ़ते हुए राजगढ़ जिले के किसानों ने आधुनिक कृषि की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अंकुरण फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मऊ ने जिले में पहली बार ड्रोन तकनीक का उपयोग कर लगभग 2500 एकड़ क्षेत्र में फसलों पर स्प्रे कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।अंकुरण थ्च्व के संचालक श्याम राजपूत ने बताया कि कृषि ड्रोन केवल एक नवाचार नहीं, बल्कि किसानों की कई बड़ी समस्याओं का समाधान बनकर सामने आया है। ड्रोन तकनीक से किसानों को कई महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। पहले जहां फसलों पर दवा छिड़काव में घंटों लग जाते थे, वहीं अब यह काम कुछ ही मिनटों में पूरा हो रहा है। सेंसर आधारित तकनीक से फसलों पर समान रूप से दवा का छिड़काव हो रहा है, जिससे दवा की बर्बादी कम हुई है। इसके साथ ही घने या बड़े खेतों में, जहां मैन्युअल स्प्रे करना कठिन होता था, वहां भी आसानी से छिड़काव संभव हो पाया है। ड्रोन के उपयोग से किसानों को जहरीले जीव-जंतुओं और कीटनाशकों के सीधे संपर्क से होने वाले खतरे से भी सुरक्षा मिली है।

# सिविल सर्जन ने हटाई मारूतीनंदन ट्रेवल्स की मोविलिटी गाड़ी

## बोले- ट्रेवल एजेंसी ने मनमानी कर मचा रखी से सरकारी पैसों की लूट

### बाजार रेट से 3 गुना ज्यादा तक कर रहे हैं चार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा




जिला अस्पताल में विभिन्न माध्यमों से सालों से चली आ रही सरकारी पैसों की लूट पर स्वास्थ्य महकमे के वर्तमान जिम्मेदार पदाधिकारी धीरे - धीरे ही सही लगाम जरूर लगा रहे हैं। जिससे दलालों के मन में डर और भय का माहौल निर्मित हो रहा है कि कहीं उनके काले कारनामों की पोल न खुल जाए। इस बार मामला है सिविल सर्जन द्वारा मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा दी गई मोविलिटी गाड़ी को अधिक रेट के चलते हटा दिया गया है।

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी द्वारा मोविलिटी के लिए जो गाड़ी उपलब्ध करवाई जा रही थी उसके चार्ज मार्केट रेट से 3 गुने ज्यादा हैं जिससे सरकारी पैसों का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया जा रहा है जिसके चलते मैने वह गाड़ी हटा दी है। उल्लेखनीय है कि 2024 में भी जब कुछ दिन के लिए सिविल सर्जन का चार्ज डॉ रजनीश शर्मा को दिया गया था तब भी उन्होने अधिक रेट के चलते तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को अपनी गाड़ी हटाने के लिए पत्र लिखा था।

### 25 से 30 रुपए प्रति किलोमीटर की दर कर रहे हैं चार्ज

सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा का कहना है कि जहां बाजार में 10 से 12 रूपए में ट्रेवल्स के लिए गाड़ियां उपलब्ध हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग की मारूतीनंदन ट्रेवल्स एजेंसी 25-30 रूपए प्रतिकिलोमीटर की दर पर मोबिलिटी गाड़ी उपलब्ध करा रही है जो की 3 गुना ज्यादा है। जो कि सरकारी पैसों का दुरूपयोग कहा जा सकता है।

### 2025 मार्च में हो गया टेंडर खत्म! फिर आगे किसने बढाया

जिला अस्पताल में कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते जो टेंडर मार्च 2025 में खत्म हो गया था फिर वह किसकी सह पर दिसंबर 2025 तक चलता रहा इसकी जांच भी की जाना चाहिए जिससे भ्रष्टाचार और अनियमितता करने वाले चेहरे बेनकाब हो सकें।

मलावर पुलिस ने कुछ दिन पूर्व ही एक निजी स्कूल से जब्त की थी ऐसी ही कार

# एलपीजी किट लगी मारूति वैन में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶सुठालिया

शनिवार दोपहर सड़क किनारे खड़ी एक मारुति वैन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते वैन से तेज लपटें और काला धुआं उठने लगा, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। नसीलपुर निवासी दौलतराम मीणा अपनी एलपीजी संचालित मारुति वैन लेकर सुठालिया बाजार में निजी कार्य से आए थे। उन्होंने अपनी वैन मधुसूदन रोड सड़क किनारे खड़ी की और पास की एक बैटरी दुकान पर चले गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वैन एलपीजी से चलाई जा रही थी। आग तेजी से फैली और कुछ ही मिनटों में पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहोरिया अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझ जाने से आसपास खड़े अन्य वाहनों और दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिक जांच में अलाव की चिंगारी से वाहन में



आग लगने की आशंका है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में एलपीजी का प्रयोग न करें और आग या अलाव से सुरक्षित दूरी पर खड़ा करें।

### कुछ दिन पूर्व मलावर पुलिस ने पकड़ी थी ऐसी ही वैन

मलावर पुलिस की जागरूकता के चलते एलपीजी लगी मारूति वैन जिससे एक निजी स्कूल के मासूम बच्चों को लाने लेजाने के लिए उपयोग में लाया जा रहा था उस पर थाना प्रभारी रजनीश सिरोठिया एवं टीम द्वारा घटना पूर्व ही कार्रवाई कर एलपीजी किट लगी वैन को जप्त कर लिया है।

# करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का मंत्री टेटवाल ने किया लोकार्पण व भूमिपूजन



**सारंगपुर।** सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने विभिन्न ग्रामों में करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित एवं प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर उन्हें ग्रामवासियों को समर्पित किया। मंत्री टेटवाल ने ग्राम लीमाचैहान में लगभग 1 करोड़ 33 लाख की लागत से निर्मित विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस दौरान सामुदायिक भवन, टीनशेड, आंगनवाड़ी भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में ग्राम दराना में लगभग 53 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इसमें सामुदायिक भवन निर्माण, सीसी रोड, शांति धाम की तार फेंसिंग एवं पेवर्स निर्माण कार्य शामिल हैं। वहीं ग्राम गुलावता में लगभग 29 लाख 88 हजार की लागत से सामुदायिक भवन, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामवासियों को समर्पित किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी तथा स्वच्छता, सुगम आवागमन और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

## होली उत्सव को लेकर हिंदू उत्सव समिति की बैठक संपन्न



**सारंगपुर।** गुरुवार को होली उत्सव को लेकर हिन्दू उत्सव समिति सारंगपुर की बैठक अम्बे माता मंदिर में समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें होली के पर्व पर पांच दिन रंगारंग उत्सव को लेकर कार्य योजना बनाई गई। बैठक का संचलन वैभव पुष्पद ने किया। जिसमें 2 मार्च सोमवार को बाल्मीकि समाज के सहयोग से बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड पर सुंदर कांड का आयोजन होगा तथा 3 मार्च मंगलवार को गमी वाले घरों पर सामूहिक रंग डालने का आयोजन होगा वही 4 मार्च बुधवार को मुखर्जी चैक में संगीत निशा का आयोजन होगा तथा 5 मार्च गुरुवार को बस स्टैंड पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। वहीं 6 मार्च शुक्रवार को रात को बस स्टेंड पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा,इसके बाद 8 मार्च रविवार को बालरूप हनुमान मंदिर पुराना बस स्टेंड से रंग पंचमी की सामूहिक गैर का आयोजन सम्पन्न होगा। इस अवसर पर महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,मुक्तिधाम अध्यक्ष अनिल बारकिया, अशोक साहू, महेश पाटीदार, सतीश राठौर, नितेश मिश्रा, मांगीलाल पाटीदार, सतीश गिरजे, सतीश मिश्रा, दिनेश सिसौदिया सहित हिन्दू उत्सव समिति सदस्य मौजूद थे।

10 फरवरी से शुरू होंगी बोर्ड परीक्षाएं, नकल मामलों पर रहेगी पैनी नजर

# गंभीरता के साथ बोर्ड परीक्षाओं की सामग्री वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आगामी 10 फरवरी से बोर्ड परीक्षाओं का आगाज किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के निर्देशों पर इन परीक्षाओं के लिए शिक्षा विभाग ने खासे इंतेजामात किए हैं।

नकल प्रकरणों पर नकेल के लिए जहां अलग-अलग ब्लॉक में उड़नदस्ते बनाए गए हैं वहीं प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। इन परीक्षाओं के लिए कल शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय से प्रश्न-पत्रों सहित परीक्षा से जुड़ी अन्य सभी आवश्यक सामग्री का वितरण करवाया गया। जिले में बनाए गए 63 परीक्षा केंद्रों से आए केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं टीम परीक्षा सामग्री लेने पहुंची। शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ सामग्री का वितरण करवाया गया। जिस तरह निवार्चन से जुड़े प्रत्येक कार्य में काफी गंभीरता बरती जाती है उसी तरह की गंभीरता बोर्ड परीक्षा की सामग्री वितरण के दौरान नजर आई।



### परीक्षाओं के मद्धेनजर ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

कलेक्टर एवं समग्र शिक्षा अभियान मिशन संचालक डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इन बोर्ड परीक्षाओं सहित इन माह से आरंभ होने जा रही अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर परीक्षा अवधि के दौरान जिले के समस्त क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंधित उपयोग की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश अधीनस्थ को प्रदान किए हैं। जिला परीक्षा समिति की बैठक के निर्णयानुसार जिले में बनाये गये कक्षा 5वीं व 8वीं के 310 परीक्षा केंद्रो पर छात्र अपने शिक्षक, पालक के साथ परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होगे। छात्रों की सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा समय के पूर्व व पश्चात तक अपने क्षेत्र के समस्त व्यस्ततम मार्गो पर सभी प्रकार के वाहनों की गति नियंत्रित रखे जाने की समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

### 8 संवेदनशील एवं 5 अति-संवेदनशील केंद्र बनाए

पूर्व के सालों में हुई बोर्ड परीक्षाओं में जिन केंद्रों पर नकल प्रकरण या सामुहिक नकल प्रकरण के मामले सामने आए थे उन्हीं के दृष्टिगत शिक्षा विभाग द्वारा इस साल जिले में बनाए गए कुल 63 परीक्षा केंद्रों में 8 संवेदनशील केंद्र एवं 5 अतिसंवेदनशील केंद्र बनाए गए हैं। उल्लेखीय है इन परीक्षाओं की गोपनीयता और नकल प्रकरणों के संबद्ध में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा भी बेहद गंभीर हैं। पिछले दिनों परीक्षाओं आयोजन एवं तैयारियों के संबंध में सभी केंद्राध्यक्षों एवं सहायक केंद्राध्यक्षों की बैठक में कलेक्टर द्वारा कंइ तल्ख निर्देश प्रदान किए गए थे।

## पूर्व लिव-इन पार्टनर पर युवती को कार से कुचलने का आरोप

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर द्वारा कार से टक्कर मारने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता ने इसे जानलेवा हमला बताया है, जबकि पुलिस ने मामले में लापरवाही से वाहन चलाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।पीड़िता के अनुसार वह बदरवास निवासी विक्की पंडा के साथ पिछले चार वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी। आरोपी ने उसे पत्नी की तरह साथ रखा, लेकिन कुछ समय पूर्व वह किसी अन्य महिला के साथ रहने लगा। पिछले आठ महीनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि इस दौरान आरोपी उसके साथ मारपीट करता था और उसके बच्चों को भी प्रताड़ित करता था।पीड़िता ने आरोप लगाया कि घटना वाले दिन आरोपी ने उसे साजिश के तहत एक पार्क में बुलाया, जहां उसकी नई महिला मित्र सहित अन्य लोग मौजूद थे। वहां विवाद और मारपीट के बाद जब वह जान बचाकर सिटी कोतवाली की ओर भाग रही थी, तभी बोहरा मस्जिद के पास आरोपी ने अपनी किया कार (क्रमांक एमपी 20–7652) से उसे पीछे से टक्कर मार दी।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय बालक लापता पुलिस कर रही तलाश



**आष्टा।** घर से कोचिंग के लिए निकला 15 वर्षीय बालक अचानक लापता हो गया। परिजनों की शिकात पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बालक की तलाश शुरू कर दी है। आष्टा थाना क्षेत्र के निवासी 15 वर्षिय बालक के पिता रामचंद्र चौहान ने बताया कि वह शुक्रवार को करीब तीन बजे अपने घर पहुंचा तो मां सरजुबाई ने बताया कि त्रिलोक चौहान ट्यूशन के लिए घर से निकला था इसके बाद वह वापस नहीं लोटा। अपने स्तर पर बालक की तलाश करने के बाद जब वह नहीं मिला तो पिता ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। शिकायत के बाद पुलिस बालक की तलाश में जुट गई।

### यूनानी दिवस समारोह का आयोजन आज

**आष्टा।** भारत में यूनानी चिकित्सा के प्रणेता हकीम अजमल खान की जयंति यूनानी दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी तारतम्य में यूनानी चिकित्सा पद्धति के संरक्षण, संवर्धन एवं जन-जागरूकता के उद्देश्य से "यूनानी दिवस समारोह 2026 का आयोजन रविवार को दोपहर 1 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन जनपद पंचायत सभागृह, अलीपुर, आष्टा में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की उपस्थिति रहेगी। समारोह में विशेष अतिथि के रूप में दीक्षा सोनू गुणवान अध्यक्ष, जनपद पंचायत आष्टा, हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा अध्यक्ष, नगर पालिका आष्टा, अंजनी विशाल चौरसिया नगर अध्यक्ष, भाजपा आष्टा, तथा डॉ. हयात अली प्रदेश अध्यक्ष, ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांफ्रेस शामिल होंगे। कार्यक्रम में यूनानी चिकित्सा पद्धति के ऐतिहासिक महत्व, वर्तमान उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं पर विशेषज्ञों द्वारा विचार रखे जाएंगे। साथ ही आमजन को यूनानी चिकित्सा के लाभों से अवगत कराया जाएगा। समारोह में आमंत्रित कविगण श्रीराम श्रीवादी, जावेद अली जावेद, गोविंद शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, अकबर सिद्दीकी एवं डॉ. प्रशांत जामलिया अपने विचार एवं रचनाओं के माध्यम से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन संयोजक कवि अतुल जैन सुराणा एवं मुख्य आयोजक डॉ. शाइनी अंजुम शा यूनानी औषधालय आष्टा ने क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, चिकित्सकों, साहित्यकारों एवं आमजन से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत कार्यशाला हुई

**देवास।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग साबिर अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 'मिशन वात्सल्य योजना' अंतर्गत देवास में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य चयनित पॉक्सो सपोर्ट पर्सन और अन्य स्टेकहोल्डर्स को कानूनी व मनोवैज्ञानिक पहलुओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें उनके कर्तव्यों के प्रति प्रशिक्षित करना था।

### सांदीपनि विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# खेलो एमपी के राज्य स्तरीय खिलाड़ियों का विधायक इंजीनियर ने किया सम्मान

कुर्सी छोड़ कर विद्यार्थियों के बीच फर्श पर बैठ कर विधायक ने सीधा प्रसारण देखा और प्रधानमंत्री जी को सुना।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




नगर के सांदीपनि सी.एम. राइज शासकीय उमावि आष्टा में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक उदबोधन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से दिखाया गया। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के मार्गदर्शन में विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल्न किया गाया। कार्यक्रम की विशेषता रही कि विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर कुर्सी से उठकर विद्यार्थियों के बीच फर्श पर बैठे और विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बच्चों को बताएं गए सफलता के मूल मंत्रों को सुना। दो हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा का सीधा प्रसारण देखा। कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई, वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा उपस्थित थे। परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के सीधा प्रसारण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने अपने उद्बोधन मे कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छात्र-छात्राओं को परीक्षा से पूर्व तनावमुक्त रखने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरा मन लगाकर पढ़ाई की तरफ ध्यान दें मोबाइल का उपयोग केवल अध्ययन की दृष्टि से ही करें। मोबाइल में अनावश्यक रूप से समय बर्बाद न करें। पढ़ाई के साथ साथ अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखे और शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों से परामर्श करते रहे। विद्यार्थी सर्वप्रथम परीक्षा हॉल में प्रवेश करने के बाद समय प्रबंधन का ध्यान रखे, जो प्रश्न के उत्तर आपको याद हो उसके उत्तर पहले उत्तपुस्तिका में लिखे, ताकि परीक्षा में निर्धारित समय का आप सदुपयोग कर सकें। जिला पंचायत उपाध्यक्ष जीवन सिंह मंडलोई ने विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वो शिक्षकों के मार्गदर्शन में विश्वास करें और



शिक्षकों के अनुसार अध्ययन करगें तो निश्चित रूप से बिना किसी दबाव के अच्छे अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर लेगें।

वरिष्ठ पत्रकार सुशील संचेती ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाने का उद्देश्य यह है, कि विद्यार्थी तनावमुक्त होकर अपना अध्ययन करे तथा परीक्षा काल में अपनी दिनचर्या को नियमित रखें और परीक्षा में एक लक्ष्य बनाकर पढ़ाई कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गौरवांवित कर सकते है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि समय का सदुपयोग करते हुए पूरा मन पढ़ाई में लगाएं और अपना भविष्य सुरक्षित करें। सांदीपनी विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने अतिथियों का स्वागत किया और अपने उदबोधन में परीक्षा पे चर्चा की अवधारणा बताई और कहा कि परीक्षा पर चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन और समय प्रबंधन की कला सिखाई जा रही है। यदि समय का सही उपयोग किया जाए तो यह लक्ष्य प्राप्ति में बहुत ही कारगर साबित होता है। स्वागत भाषण में प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है, कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेंगा और आप ही इस सपने को पूरा कर सकते है। विधायक ने सांदीपनि सी.एम. राइज़ विद्यालय के तीन विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय खेलों एमपी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर पुरूस्कृत किया और कहा कि शिक्षा और खेल सरकार की प्राथमिकता में है। विद्यालय के देवेन्द्र मेवाड़ा ने ऊंची कूद में रजत पदक, विकास मालवीय ने तीन हजार मीटर दौड़ में रजत पदक तथा अनुष्ठा पटेल ने गोला फेंक प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सतीश वर्मा द्वारा किया गया एवं वरिष्ठ शिक्षक अंत्येश धारवां ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक सहित समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहा।

# रासेयो ने बाल कल्याण और मानव अधिकार विषय पर किया जागरुक

### सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई, वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के षष्ठ दिवस की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई। शांत एवं अनुशासित वातावरण में स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों से गुजरते हुए सामुदायिक एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया।

प्रभात फेरी के पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया। गलियों, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई कर स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस अभियान ने ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को और मजबूत किया। इसके बाद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे। यह पहल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम सिद्ध हुई। ग्रामीणों ने भी पौधों की देखभाल का संकल्प लिया, जिससे गांव को भविष्य में हरियाली और शुद्ध वायु मिल सके। समाज सेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए स्वयंसेवकों ने गांव के बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की तथा उन्हें नियमित अध्ययन और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया।

बच्चों के चेहरों पर झलकती खुशी इस प्रयास की सफलता को दर्शाती रही। इसके पश्चात एक ज्ञानवर्धक बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया, जिसका विषय था "बाल कल्याण एवं मानव अधिकार"। इस सत्र में बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत एक स्वयंसेवी संस्था के प्रतिनिधियों ने बच्चों के अधिकारों, उनके संरक्षण, शिक्षा के महत्व तथा मानव अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी साझा की।

विशेष रूप से बाल तस्करी, शोषण से बचाव और बालिकाओं की सुरक्षा जैसे संवेदनशील विषयों पर चर्चा की गई। यह सत्र स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत जागरूकता बढ़ाने वाला एवं विचारोत्तेजक सिद्ध हुआ। दोपहर पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव भ्रमण के दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक के माध्यम से महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता और समान अधिकारों का प्रभावी संदेश दिया गया। ग्रामीणों ने इस प्रस्तुति की सराहना करते हुए इसे समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने वाला प्रयास बताया।

दिन के अंतिम चरण में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें स्वयंसेवकों ने गीत, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और आपसी एकता का परिचय दिया। शिविर के षष्ठ दिवस की सभी गतिविधियाँ कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. विनोद भट्ट, डॉ. देव ब्रत गुप्ता, डॉ. गीतांजलि गिरी, दीप्ति भोजवानी के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।

# वीआईटी विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री यादव का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कृषि पल्स मीट अमलाह जिला सीहोर के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जाते समय वीआईटी भोपाल विश्वविद्यालय को आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया गया। वीआईटी भोपाल के हेलीपैड पर पहुंचे। यह उनका विश्वविद्यालय परिसर में दूसरी बार आगमन हुआ, जो राज्य नेतृत्व और विश्वविद्यालय के बीच निरंतर सशक्त संबंधों को दर्शाता है। इस मौके पर वीआईटी यूनिवर्सिटी के उपाध्यक्ष शंकर विश्वनाथन द्वारा उनको पुष्पहारों से स्वागत किया गया, जो नेतृत्व, शासन और उच्च शिक्षा के बीच मजबूत समन्वय को प्रतिबिंबित करता है। इस अवसर पर जिले की प्रभारी कृष्णा गौर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, पूर्व विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, कलेक्टर के. बालागुरु, पुलिस अधीक्षक डॉ. दीपक शुक्ला, एस.डी.एम. नितिन टाले जी सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधिगण एवं वीआईटी युनिवर्सिटी के स्टाफ प्रोफेसर विद्यार्थी कुलपति पंजीयक सहित सीहोर जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# विधायक गायत्री राजे पवार ने शहर के 5 वार्डों में किया 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में शुक्रवार को 80 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार ने महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सभापति रवि जैन और विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल के साथ इन कार्यों की आधारशिला रखी।

80 लाख की राशि से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का वार्ड क्रमांक 4, 15, 16, 19 और 42 में सी.सी. रोड़, पेवर्स ब्लॉक, सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया गया।विधायक पवार ने वार्ड क्रमांक 4 में 10 लाख की लागत से सी.सी. रोड़ निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 16 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक तथा वार्ड 15 में 20 लाख की लागत से पेवर्स ब्लॉक वहीं वार्ड 19 में 20 लाख की लागत से गौतम नगर स्थित शीतला माता मंदिर गार्डन की बाउन्ड्री वॉल निर्माण एवं पेवर्स ब्लॉक, वार्ड 42 में 10 लाख की लागत से बालाजी नगर में सामाजिक सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।इस अवसर पर विधायक पवार हुए कहा कि देवास के 45 ही वार्डों में बिना कोई भेदभाव से हो रहे विकास कार्य की गति ओर तेजी से बढ़ेगी जो कार्य पूर्ण हो चुके है उन कार्यों के लोकपर्ण के साथ शेष कार्यों का शीघ्र भूमि पूजन किया जाएगा।

### आठ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के समापन पर हुआ सामूहिक विवाह कार्यक्रम

# समाज को संगठित कर पीढ़ी को संस्कारवान बनाने लिया संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सेंधव क्षत्रिय राजपूत समाज आष्टा द्वारा श्री राम धर्मशाला सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें 6 जोड़ो का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ । इसी के साथ ही संत उद्धव दास त्यागी की चल रही 8 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का भी विश्राम हुआ। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा भागवत कथाकार संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का शाल व श्रीफल देकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। छात्रावास समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह शोभाखेड़ी, विवाह समिति अध्यक्ष जितेंद्र सिंह भंवरी, कृपाल सिंह पटाडा, नरेंद्र सिंह भाटी, मान सिंह इलाही, जितेंद्र सिंह शोभाखेड़ी,कमल सिंह ठाकुर, रतन सिंह डॉक्टर, जीवन सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह, नारायण सिंह अध्यापक, गजराज सिंह, वीरेंद्र सिहं, हरपाल सिंह ठाकुर, कुलदीप सिंह धुराडा,केवल राम मालवीय, संजय वर्मा, लोकेन्द्रसिंह सांगा खेड़ी सहित सैंधव क्षत्रिय राजपूत समाज के वरिष्ठ समाजिक बन्धु एवं माताएं बड़ी संख्या में शामिल हुई। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने वर श-वधू को आशीर्वाद प्रदान किया। समिति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं समाज जनों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दोषियों को चार-चार वर्ष की सजा और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आरक्षित केंद्र बरोठा के अपराध क्रमांक 540/2023, अपराध धारा 306 के अपराध में रुबीना बी पति वहीद मंसूरी, इरफान पिता फरीद खान को तृतीय सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार पाटीदार के न्यायालय ने दोषियों को चार-चार वर्ष का श्रम कारावास व रु 20000 के दंड की सजा सुनाई। आरक्षी केंद्र बरोठा के अंतर्गत ग्राम सिवनी काकड़ डबल चौकी में 19 दिसंबर 23 को रात्रि 9:00 बजे वहीद मंसूरी ने उसकी पत्नी रुबीना, सास रजिया बी, इरफान बी के द्वारा दुष्प्रेरित करने का सामान्य आशय निर्मित किया, जिससे वहीद मंसूरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अभियोजन की ओर से शासकीय अभिभाषक मनोज श्रीवास ने बताया कि अभियोजन ने कुल 16 गवाह के साक्ष्य न्यायालय के समक्ष करवाए, व बचाव पक्ष ने कुल 3 गवाह न्यायालय में करवाए थे। प्रकरण में मृतक का सुसाइड नोट व उसके अन्य दस्तावेज उसकी हस्तलिपि जांच हेतु फॉरेंसिक लैब पहुंचाए गए, व जांच करने वाले अधिकारी के कथन न्यायालय के समक्ष कराए गए। प्रकरण की प्रभावी पैरवी मनोज श्रीवास, शासकीय अभिभाषक द्वारा की गई। अपराध का अनुसंधान उनि सचिन सोनगरा ने किया। न्यायालय में कोर्ट मुंशी लखन गेहलोद का सहयोग रहा। आत्महत्या के प्रकरण में सजा का अनुपात बहुत कम रहता है।